CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 146 ▫ रायपुर, शुक्रवार 19 जून 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98




## ब्रेकिंग न्यूज

### पीएम मोदी को अभिजीत दीपके का पत्रः कहा- जान गंवाने वाले छात्रों को मुआवजा मिले, प्रधान के इस्तीफे की भी मांग

**नई दिल्ली, 19 जून (न्यूज चैनल)।** कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके 20 जून को जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रस्तावित विरोध-प्रदर्शन से पहले शुक्रवार को पीएम मोदी को पत्र लिखा। इस पत्र में उन्होंने पीएम मोदी से अपील कि की वह उन छात्रों के परिवारों को 1 करोड़ रुपये का मुआवज़ा दें, जिनकी परीक्षा से जुड़े विवादों के बीच कथित तौर पर आत्महत्या से मौत हो गई। इसके साथ ही उन्होंने पेपर लीक की जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाने की अपनी मांग दोहराई है। पीएम मोदी को लिखे अपने पत्र में दीपके ने कहा, मैं आज भारी मन से आपको लिख रहा हूं ताकि आपका ध्यान एक बढ़ते हुए संकट की ओर आकर्षित कर सकूं जो हमारे देश के भविष्य यानी हमारे युवा छात्रों के जीवन और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है।





चूहा- सुनती हो, बिजली बिल में फिर वृद्धि कर दी गई है।

चुहिया- हां जी, इधर महिला वंदन का देते हैं और उधर बिजली बिल बढ़ाकर वापस ले लेते है।

## बलौदाबाजार हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को जारी किया नोटिस

### हाईकोर्ट से जमानत याचिका हो चुकी है खारिज

**बिलासपुर, 19 जून (हाईवे चैनल)।** बलौदाबाजार हिंसा और आगजनी मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई के बाद छत्तीसगढ़ सरकार को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। एसएलपी पर अगली सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 17 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। बता दें कि बलौदाबाजार में हुए बहुचर्चित हिंसा और आगजनी मामले में आरोपी अमित बघेल,अजय यादव और दिनेश कुमार वर्मा की छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने तीनों की जमानत याचिका को खारिज कर दी थी। अजय यादव ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर जमानत की गुहार लगाई है। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास के सिंगल बेंच ने 19 मई 2026 को आवेदकों की जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि आवेदक अमित बघेल और अजय यादव छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के पदाधिकारी हैं, उन पर सात से आठ हजार लोगों की भीड़ को भड़काने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और पुलिस बल पर जानलेवा हमले का गंभीर आरोप है। हिंसा के कारण बलौदाबाजार-भाटापारा जिला और मुख्यालय में शांति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई और लगभग 13 से 15 करोड़ रुपये की सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ। अमित बघेल के खिलाफ 17, अजय यादव के खिलाफ 13 और दिनेश कुमार वर्मा के खिलाफ एक आपराधिक मामला लंबित है।



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए आरोपियों ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका एसएलपी दायर कर जमानत की मांग की है। याचिका की सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है।

बता दें कि 15 और 16 मई 2024 की दरमियानी रात कुछ असामाजिक तत्वों ने गिरौधपुरी धाम में सतनामी समाज के धार्मिक स्थल के पूज्य जैतखाम में तोड़फोड़ की थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था।पुलिस की इस कार्रवाई से समाज के लोग असंतुष्ट थे और न्यायिक जांच की मांग कर रहे थे। जिसके बाद गृहमंत्री विजय शर्मा ने न्यायिक जांच की घोषणा की। वहीं 10 जून को जैतखाम में तोड़फोड़ के विरोध में हजारों लोग कलेक्ट्रेट के पास एकत्र हुए और जमकर हंगामा किया, जहां प्रदर्शन हिंसक हो गया। जिसके बाद उपद्रवियों ने तांडव मचाते हुए कलेक्टर और एसपी कार्यालय को आग के हवाले कर दिया। इस हिंसक घटना में सरकारी संपत्तियों को 12.53 करोड़ रुपये का भारी नुकसान पहुंचा था। मामले में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए 43 मामलों में 187 लोगों को गिरफ्तार किया था।

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का बड़ा फैसला जेल में बंद छात्र दे सकेगा नीट परीक्षा

**रायपुर, 19 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने एक छात्र के भविष्य को ध्यान में रखते हुए रविवार को होने वाली नीट परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान की है। कोर्ट ने रायपुर कमिश्नर और जेल अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि छात्र कुणाल तरुनाकर को पूरी सुरक्षा और उचित पुलिस हिरासत में परीक्षा केंद्र तक ले जाया जाए और परीक्षा खत्म होने के बाद वापस जेल लाया जाए।




आवेदक छात्र के खिलाफ रायपुर के खमतराई थाने में अपराध क्रमांक 430/2026 दर्ज है। उसे भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 108 के तहत दर्ज एक मामले में गिरफ्तार कर रायपुर सेंट्रल जेल में निरुद्ध किया गया है। चूंकि मामले में पुलिस द्वारा अब तक कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल नहीं किया गया है, इसलिए हाईकोर्ट ने इस मामले को तीन सप्ताह बाद फिर से सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए हैं। छात्र की ओर से एडवोकेट अनुकूल विश्वास ने हाईकोर्ट में अर्जेंट हियरिंग के तहत अंतरिम आवेदन पेश कर अस्थायी जमानत की मांग की थी। वकील ने दलील दी कि छात्र का 21 जून 2026 को केंद्रीय विद्यालय रायपुर में नीट का एग्जाम है, जिसके लिए उसका एडमिट कार्ड भी कोर्ट में संलग्न किया गया। कोर्ट ने मानवीय आधार पर छात्र को परीक्षा की अनुमति देने के साथ-साथ यह भी निर्देश दिया कि जेल प्रशासन उसे जेल के भीतर ही आवश्यक अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराए ताकि वह परीक्षा के लिए बची हुई तैयारी पूरी कर सके।

## टेलीग्राम पर लगा अस्थायी बैन नहीं हटेगा, हाईकोर्ट ने कहा- सरकार के पास प्रतिबंध लगाने का अधिकार

**नई दिल्ली, 19 जून (न्यूज चैनल)।** नीट री-एग्जाम से ठीक पहले टेलीग्राम की याचिका को दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने साफ किया कि देश की इतनी बड़ी परीक्षा की सुरक्षा के लिए सरकार को आपातकालीन कदम उठाने और अस्थायी प्रतिबंध लगाने का पूरा कानूनी अधिकार है। अब 22 जून तक टेलीग्राम पूरे भारत में बंद रहेगा।




शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस तेजस करिया की सिंगल-जज बेंच ने टेलीग्राम की याचिका को खारिज करते हुए बेहद अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा, कि सभी दलीलों पर विचार करने के बाद, हमने पाया कि विवादित आदेशों की इमरजेंसी प्रकृति को देखते हुए, अधिकारियों ने प्रक्रिया का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। कोर्ट ने साफ किया कि सरकार का यह फैसला प्रोपोर्शनैलिटी यानी की समानता की कसौटी पर पूरी तरह खरा उतरता है। देशव्यापी मेडिकल प्रवेश परीक्षा की परिस्थितियों को देखते हुए यह कदम जायज है, क्योंकि इसमें वैध उद्देश्य छिपा है और सरकार ने हालात को काबू में करने के लिए कम से कम प्रतिबंधात्मक उपाय को अपनाया है।

## तेंदुए का आतंकः 6 दिनों में 4 लोगों पर हमला शाम होते ही घरों में कैद होने को ग्रामीण मजबूर

### अलर्ट मोड पर वन विभाग

**कांकेर, 19 जून (हाईवे चैनल)।** जिले के ग्रामीण इलाकों में तेंदुए का आतंक एक बार फिर लोगों की नींद उड़ाने लगा है। बीते 6 दिनों में तेंदुए ने चार लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया है। इनमें से तीन हमले दुधावा क्षेत्र के गट्टागुडुम गांव में और एक घटना नरहरपुर के देवडोंगर गांव में हुई है। हालात यह हैं कि शाम ढलते ही गांव की गलियां सुनसान हो जाती हैं, लोग घरों में कैद हो जाते हैं और बच्चों को अकेले बाहर भेजने से भी डर लग रहा है।

उत्तर बस्तर का कांकेर जिला घने जंगलों और पहाड़ियों से घिरा हुआ है।



इन्हीं जंगलों में भालू, जंगली सूअर, तेंदुआ समेत कई वन्यजीवों का बसेरा है। लेकिन जंगलों में भोजन और पानी की कमी अब इन जानवरों को रिहायशी इलाकों की ओर खींच रही है। नतीजा यह है कि वन्यजीव और इंसानों के बीच संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है।

## फैक्ट्री की बाउंड्रीवॉल गिरी, मलबे में दबकर महिला की मौत, दो मजदूर घायल

**रायगढ़, 19 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में गुरुवार को तेज आंधी, तूफान और बारिश के दौरान बड़ा हादसा हो गया। पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के चिराईपानी में दो उद्योगों के बीच बनी बाउंड्रीवॉल अचानक भरभराकर गिर गई। मलबे में दबने से एक महिला मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो अन्य मजदूर घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, ओम रूपेश उद्योग और महालक्ष्मी उद्योग के बीच बनी बाउंड्रीवॉल के पास कुछ मजदूर झोपड़ी बनाकर रह रहे थे। गुरुवार शाम करीब 6 बजे मौसम अचानक बदला और तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान बाउंड्रीवॉल गिरकर मजदूरों की झोपड़ी पर जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला गया। हादसे में रंभा यादव नामक महिला मजदूर को गंभीर हालत में मलबे से निकाला गया, लेकिन अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायल मजदूरों को उपचार के लिए रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार मृतक महिला के गर्भवती होने की भी चर्चा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। पूंजीपथरा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों और बाउंड्रीवॉल गिरने की परिस्थितियों की जांच कर रही है। मौसम में आए अचानक बदलाव के चलते हुए इस हादसे ने औद्योगिक क्षेत्र में रह रहे मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



## नाले ने निगल ली दो मासूम जिंदगियां, गांव में पसरा मातम

**कोंडागांव, 19 जून (हाईवे चैनल)।** जिले के फरसगांव ब्लॉक के ग्राम कोटपाड में हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया. नाले में नहाने गए दो चचेरे मासूम भाइयों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई. इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, 6 वर्षीय साजन पोयाम पिता केशव पोयाम और 7 वर्षीय ऋषभ पोयाम पिता तेजराज पोयाम बुधवार को गांव के नाले के गड्ढे में नहाने गए थे. नहाते समय वे गहरे गड्ढे में चले जाने से डूब गए. देर शाम तक दोनों बच्चों के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की. नाले के किनारे बच्चों के कपड़े मिलने के बाद ग्रामीणों ने खोजबीन की और रात करीब 8 बजे दोनों के शव पानी से बाहर निकाले गए। सूचना मिलते ही बड़ेडोगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची. परिजनों की रिपोर्ट पर गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए.



पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे ने दोनों परिवारों की खुशियां छीन लीं. ऋषभ पोयाम अपने माता-पिता की अकेली संतान था, जबकि साजन की एक बड़ी बहन है और वह परिवार का इकलौता बेटा था. साजन की मां पूर्णिमा पोयाम कोटपाड क्षेत्र की जनपद सदस्य हैं. एक ही परिवार के दो मासूमों की असमय मौत से पूरे कोटपाड गांव में शोक की लहर है और हर आंख नम दिखाई दे रही है।

## राजधानी में मानसून की पहली आहट

### बीती रात एक घंटे जमकर बरसे बादल

**रायपुर, 19 जून (हाईवे चैनल)।** मानसून की पहली आहट ने बीती रात राजधानीवासियों को जमकर भिगोया। शाम के बाद मौसम ने करवट बदला आंधी, तूफान आया और रात 8 बजे राजधानी में एक घंटे तक जमकर बारिश हुई। जमकर बिजली चमकी, हवाएं चली, बादलों ने खूब गर्जना कर मानसून के लिए सावधान रहने सचेत कर दिया। राजधानी में कई जगहों पर सड़क पर लबालब पानी भर गए और आवागमन कुछ देर के लिए थम सा गया था। जैसे ही बारिश रुकी लोग एक साथ सड़कों पर आ गए और हर चौक चौराहे पर यातायात जाम हो गया। आज की बरसात को मानसून की पहली आहट के रूप में देखा जा रहा है। एक घंटे की



बरसात ने उमस और गर्मी से राहत दी है। मौसम विभाग ने पहले ही अलर्ट कर दिया था कि छत्तीसगढ़ में मानसून के लिए परिस्थितियां अनुकूल है अंधड़ और बारिश की भरपूर संभावना है। बारिश से तापमान 5 डिग्री के करीब गिर चुका है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक ऐसा ही बारिश वाला मौसम रहने का अनुमान बताया है। बारिश से राजधानी के लोग राहत महसूस किए हैं वहीं किसानी करने वाले लोग भी इसे अच्छा संदेश मान रहें हैं। यदि समय पर बारिश अच्छी हुई तो खेतों में एक दो दिनों में जोताई का काम शुरू हो जाएगा। वहीं खेतों में बीज भी समय पर डाला जा सकेगा। किसानों को मानसून का इंतजार है।

## मौसम ने ली करवट, गिरी आकाशीय बिजली, 39 भेड़, 1 बकरी की हुई मौत

### मगरलोड क्षेत्र ग्राम डुमरपाली के आसपास राजस्थान से आए पशुपालक ने जमाया था डेरा, हुआ लाखों का नुकसान

**धमतरी, 19 जून (हाईवे चैनल)।** रोज शाम मौसम में बदलाव हो रहा है। इस कड़ी में मगरलोड क्षेत्र में बुधवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ भारी बारिश शुरू हो गई। राजस्थान से आए खानाबदोश पशुपालक अपने भेड़-बकरियों के साथ डूमरपाली गांव के आसपास डेरा डाले हुए थे। बारिश से बचाने के लिए पशुपालकों ने सभी जानवरों को एक स्थान पर इकट्ठा कर लिया, लेकिन इसी दौरान आकाशीय बिजली गिर गई और बड़ी संख्या में पशु इसकी चपेट में आ गए।



हादसा इतना भीषण था कि सभी 40 पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई। जिसमें 39 भेड़ व 1 बकरी की मौत होना बताया जा रहा है। बिजली गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के गांवों तक इसकी गूंज सुनाई दी। घटना के बाद पशुपालकों में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मृत पशु जमीन पर बिखरे पड़े मिले, जिससे घटनास्थल का दृश्य बेहद मार्मिक हो गया। इस हादसे से पशुपालक को लाख रुपये का नुकसान हुआ है। अब पीड़ित पशुपालक को प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की जा रही है।

CMYK